कार्यवाही

धनपुरी की स्वच्छता रैंकिंग में होगा सुधार, थ्री स्टार से फाइव स्टार रेटिंग की ओर अग्रसर नपा धनपुरी

नालियों पर किए निर्माण और अतिक्रमण को ध्वस्त कर रही नपा परिषद

नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ ने जमीन पर उतरकर संभाली कमान

स्वच्छता के प्रति नगर पालिका धनपुरी का अनुकरणीय संदेश

नवभारत,धनपुरी। नगर पालिका परिषद धनपुरी जो की स्वच्छता के मामले में संपूर्ण मध्य प्रदेश में अपना एक गौरवशाली स्थान रखती है प्रदेश में स्वच्छता के मामले में नंबर वन पर आना कोई बड़ी बात नहीं लेकिन नंबर वन बने रहना सबसे बड़ी बात होती है इसी सकारात्मक सोच को नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर छाबड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर ने ठाना है धनपुरी को प्रदेश का सबसे स्वच्छ शहर बनाना है नगर पालिका परिषद धनपुरी की अध्यक्ष रविंद्र कौर छाबड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद धनपुरी पूजा बुनकर के आदर्श मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद धनपुरी के कर्मचारी और अधिकारियों के द्वारा दलबल के साथ नगर पालिका द्वारा निर्मित नालियों के ऊपर ढाले गए निजी स्लैब और निजी निर्माण को भी ध्वस्त किया जा रहा है साथ ही नालियों में वर्षो से जमा गन्दगी को भी साफ युद्ध स्तर पर किया जा रहा है जिसकी प्रशंसा चहुओर हो रही है आपको बता दें कि धनपुरी नगर पालिका परिषद के द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में जहां-जहां पर इस तरीके से नियमों के खिलाफ जाकर आमजन के द्वारा अनभिज्ञता में जो निर्माण कार्य किए गए हैं उन्हें तोड़ा जाएगा साथ ही नाली अगर मलबे से पाट दी गई है तो उसे पुन: साफ कर नाली को निस्तारण योग्य बनाया जाएगा ताकि नगर धनपुरी में किसी भी प्रकार की महामारी और गंदगी का अंबार शहर में देखने को ना मिले काफी दिनों से नगर पालिका परिषद धनपुरी के अध्यक्ष श्रीमती रविंद्र कौर छाबड़ा को यह शिकायत मिल रही थी कि लगातार लोग अपने घरों के बाहर बनी हुई नालियों में मिट्टी डालकर साथ ही मलबा डालकर उन नालियों के द्वारा जो निस्तारण का पानी गंदे नाले में जाकर मिलता है उसे रास्ते को अवरुद्ध किया जा रहा है जिससे नालिया बजबजाती हैं और संक्रमण का डर बना रहता है साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत भी नगर पालिका परिषद धनपुरी ने पहले ही ठान लिया था कि इस बार धनपुरी नगरी को स्वच्छता में सिरमौर बनने का कृत संकल्प जमीन पर चरितार्थ अवश्य किया जाएगा वार्ड नंबर 2 कॉलेज तिराहा धनपुरी साथ ही विभिन्न वार्डों में अभियान चलाकर नगर पालिका का दलबल लगातार नालियों की सफाई साथी नालियों में जमा मलबे को भी हटाने का कार्य अनवरत करेगी नगर पालिका परिषद धनपुरी की मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री पूजा बुनकर के द्वारा आम जनमानस से यह अपील की गई है कि आपके द्वारा नालियों में किसी भी प्रकार से मलबा ना डाला जाए और ना ही किसी भी प्रकार से नालियों के रास्ते को अवरुद्ध किया जाए और ना ही नालियों का रास्ता उसमे मलबा डालकर अवरुद्ध किया जाए क्योंकि नालियों से निकासी होने वाला गंदा पानी अगर जाम होता है तो कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का संचारण संपूर्ण क्षेत्र में होने लगता है और हम नहीं चाहते हैं कि हमारी सुंदर नगरी धनपुरी किसी भी प्रकार से महामारी की चपेट में आए ।

नगर पालिका परिषद धनपुरी की अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा ने कहा की लगातार हमारे द्वारा नगर पालिका परिषद धनपुरी की टीम और दल बल सक्रियता और संवेदनशीलता से जन हित से जुड़ी इस समस्या का समाधान करने की ओर अग्रसर है और हमारी कोशिश रहेगी की अबकी बारी धनपुरी नगर पालिका सफाई के मानचित्र में संपूर्ण मध्य प्रदेश में सिरमौर बनकर स्वच्छता के ताज को शिरोधार्य करे और नगर वासियों में सम्मान की भावना का संचार करे।

विद्यार्थियों कों शिष्टाचार और संस्कार भी सिखाएं

कलेक्टर बने शिक्षक बच्चों को पढ़ाया पाठ

नवभारत, शहडोल । मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संचालित स्कूल चलें हम अभियान (2026-27) के अंतर्गत जिले में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय मैकी में पहुंचकर विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए कक्षा में अध्यापन कराया तथा विद्यार्थियों से विलोम शब्द, पर्यायवाची, पहाड़े एवं सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे।

विद्यार्थियों द्वारा दिए गए सटीक उत्तरों पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के बिना कुछ भी संभव नहीं है और विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन तथा कड़ी मेहनत के माध्यम से अपने लक्ष्य प्राप्त करने चाहिए।कलेक्टर ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ विद्यार्थियों को शिष्टाचार और संस्कार भी सीखना चाहिए, यही उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बैग, पेन, कंपास सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण भी किया और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग संजय पांडे, शाला की प्रधानाध्यापक जयश्री जायसवाल सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर धनपुरी में तेज हुई तैयारियां

सीएमओ पूजा बुनकर ने किया निरीक्षण

नवभारत, शहडोल । स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका धनपुरी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर ने चौपाटी सहित विभिन्न वार्डों के व्यावसायिक क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने सफाई व्यवस्था की स्थिति का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि चौपाटी सहित सभी वार्डों में नियमित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता पर ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को साफ-सुथरा वातावरण मिल सके।

इसके साथ ही उन्होंने आवश्यकतानुसार क्षेत्रों में रंगाई-पुताई कर उन्हें आकर्षक स्वरूप देने के निर्देश भी दिए। सीएमओ ने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए, जिससे स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित हो सके।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और नियमित निगरानी रखी जाए। इस दौरान नगर पालिका का मैदानी अमला भी उपस्थित रहा और आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए। नगर में चल रही इन तैयारियों से यह स्पष्ट है कि धनपुरी नगर पालिका स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर स्थान प्राप्त करने के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है।

नगर परिषद की लापरवाही से निविदा आमंत्रण निरस्त

निविदा व अन्य कार्यों में हुए खर्च के नुकसान का जबाबदार कौन

नवभारत,ब्योहारी। नगर परिषद ब्योहारी इन दिनों सीएमओ अध्यक्ष और पार्षदो के लिये अवैध कमाई का अड्डा बना हुआ है। टेंडर प्रक्रिया से लेकर निर्माण कार्यों मे धांधली का सह दे नगर परिषद के कोस को दोनों हाथ से लूटा जा रहा है। नगर मे बनते ही कई निर्माण कार्यों के परखच्चे उड़ गये है। सत्तापक्ष और विपक्ष के पार्षदो की जुगल बंदी नगर मे चर्चा का विषय बना हुआ है।

टेंडर प्रक्रिया में धांधली

नगर परिषद ब्योहारी द्वारा दिनांक 29/01/2026 एवं 02/02/2026 को निकाय द्वारा सीसी, बी. टी. एवं डब्लू बी एम सड़क नाली तथा जयस्तम्भ रेनोवेशन कार्य की कुल 20 कार्यों की निविदा जारी किया गया था। जिसमे आमंत्रित निविदा क्रमांक 2026 ट्ठष्ठ ट्ठ479415ट्ठ1 वार्ड न. 9 रीवा शहडोल मुख्य मार्ग न्यू बरौधा तिराहा से ऑगनबाड़ी केंद्र न्यू बरौधा के आगे तक सड़क के दोनों तरफ पटरी बिछाये जाने का कार्य को छोड़कर अन्य सभी 19 कार्यों के निविदा मे 2025 का पालन न किये जाने के कारण संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन शहडोल द्वारा उक्त निविदा को निरस्त कर दिया गया है। लोगों का आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया मे धांधली भ्रस्टाचार का हिस्सा है।

न्यूनतम दर की स्वीकृति के बाद भी निविदा निरस्त

मजे की बात है कि नगर परिषद ब्योहारी द्वारा 20 कार्यों का जो टेंडर हुआ उसके न्यूनतम दर के स्वीकृति को लेकर 26/03/2026 को परिषद की बैठक आहूत की गयी। बैठक मे सर्व सम्मति न्यूनतम दर की स्वीकृति प्रदान किया पर सबसे बड़ा सवाल यह कि नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियो की लापरवाही के कारण टेंडर किये जाने व निविदा प्रकाशन सहित अन्य कार्यों मे जो नगर परिषद की राशि खर्चा हुई है उसकी भर पाई किस्से होंगी। चर्चा है कि यही हाल अन्य कार्यों के टेंडर प्रकिया मे हुआ है जिसके कारण नगर मे घटिया निर्माण हो रहा है।

इनका कहना है

टेंडर प्रक्रिया मे कमी होने के कारण नगरीय प्रशासन द्वारा निविदा आमंत्रण निरस्त कर दिया गया है। सोमवार को टेंडर निरस्त किया जायेगा।

अशोक पाण्डेय
उपयंत्री नगर परिषद ब्योहारी

टेंडर प्रक्रिया मे कुछ तकनीकी कमियाँ होने के कारण टेंडर निरस्त कर दिया गया है। शीघ्र ही नया टेंडर होगा।

शरद गौतम
प्रभारी सीएमओ ब्योहारी

शहडोल में शिक्षक संघ सौंपेगा ज्ञापन

पुनर्विचार याचिका व विधायी हस्तक्षेप की मांग तेज

नवभारत, शहडोल। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा प्रदेशभर में शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में जिले में 6 एवं 7 अप्रैल को सांसद एवं तीनों विधायकों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला अध्यक्ष लालजी तिवारी एवं जिला सचिव विनोद कुमार सिंह द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि संघ के प्रांतीय निर्णय के तहत यह कदम उठाया जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से टीईटी पर पुनर्विचार याचिका दाखिल करने तथा विधायी हस्तक्षेप की मांग की जाएगी।

संघ पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्व में संगठन के सतत प्रयासों से प्रदेश के डेढ़ से दो लाख शिक्षकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ दिलाया जा चुका है। अब शिक्षकों की केवल दो प्रमुख मांगें शेष हैं, जिनमें टीईटी से छूट तथा नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करना शामिल है। शिक्षक संघ का कहना है कि इन मांगों को लेकर न केवल प्रदेश स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर तक प्रयास किए जा रहे हैं। संघ ने शिक्षकों से अपील की है कि वे अन्य संगठनों की भ्रामक या निराशाजनक बयानबाजी से प्रभावित न हों और संगठन के प्रयासों पर विश्वास रखें। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिले की नगर, ब्लॉक, तहसील एवं जिला इकाइयों के साथ ही संभागीय एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

युवा कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

यश घनघोरिया के स्वागत में निकली बाइक रैली

नवभारत शहडोल। रविवार को युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री यश घनघोरिया के शहडोल आगमन पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार और भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात स्तंभ चौक से एक विशाल बाइक रैली निकाली गई, जो अंबेडकर चौक और गांधी चौक होते हुए कांग्रेस भवन पहुंची।

रैली के दौरान शहर में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था।यह आयोजन एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक के रूप में भी आयोजित किया गया, जिसमें आगामी 13 अप्रैल 2026 को जबलपुर में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रस्तावित आगमन को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, नीरज द्विवेदी, आजाद बहादुर सिंह, हनुमान मिश्रा, अनूप सिंह, शिम्पी अग्रवाल, नरेंद्र मरावी, उमा धुर्वे, राजेश सोंधीया, सूफ्यिान खान, प्रभात पाण्डेय, अंकित सिंह, अजीत सोनी, अभिषेक शुक्ला, शेख आबिद, अनुज सिंह, निशांत जोशी, शेख साजिल, सोनू चौबे, श्रीनमों गर्ग, आशीष मिश्रा, सत्यकाम पटेल, सुहैल आलम, अंकित पाण्डेय, फैज़, इकराम, शिवम यादव, हर्षित द्विवेदी, बसंत साहू, संदीप पटेल, प्रियदर्शी तिवारी, विक्रम सिंह, आयुष ताम्रकार, इमरान, सत्यम प्रजापति, अलीम खान, बंटी महतो, मोहन पोल, आसू चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की सफ्लता के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया।

भाजपा मनाएगी 46वां स्थापना दिवस

जिलाध्यक्ष अमिता चपरा एवं जिला महामंत्री अमित मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित होंगे कार्यक्रम

नवभारत,धनपुरी । भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन शहडोल के द्वारा भारतीय जनता पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस संपूर्ण जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बड़े भाव संस्थापक सदस्यों को अश्वंजली एवं उनके कार्यों को नमन करते हुए मनाने का संकल्प लिया गया है भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल के निर्देशन पर एवं भारतीय जनता पार्टी शहडोल संभाग प्रभारी श्री गौरव से सिरोठिया एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिताभ चपरा के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल के द्वारा भाग जनता पार्टी के संपूर्ण 19 मंडलों में स्थापना दिवस समारोह कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करके एवं कई प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन करके मनाया जाएगा भारतीय जनता पार्टी शहडोल ने भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस को मनाने के लिए एवं भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के सफल संचालन हेतु जो जिला टोली बनाई थी उसमें श्री अमित मिश्रा भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री एवं जिला संयोजक भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम जिला शहडोल कार्यक्रम जिला शहडोल पुष्पेंद्र पटेल जिला महामंत्री भाजपा एवं जिला सह संयोजक भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस कार्यक्रम शहडोल श्री कृष्ण गुप्ता जिला मंत्री भाजपा शहडोल एवं जिला सहसंयोजक भाजपा स्थापना दिवस समारोह जिला शहडोल की अगुवाई में संपूर्ण जिले भर में भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस को मनाने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के मार्गदर्शन में जिले के 19 मंडलों में विविध प्रकार के पार्टी हित जनहित एवं राष्ट्रहित से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से अवगत कराकर भविष्य में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में राष्ट्रीय हित सर्वोपरि के संदेश का संचार किया जाएगा।

धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

नवभारत, धनपुरी। हनुमान जयंती के पावन पर्व पर धनपुरी थाने मे भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया जहाँ थाने मे स्थापित हनुमान जी प्रतिमा के सामने विधि विधान के साथ अखंड मानस पाठ का आयोजन किया गया धनपुरी पुलिस द्वारा प्रथम वर्ष ऐसा धार्मिक आयोजन किया गया जिसमे प्रशासनिक अधिकारी,नगर के गड़मान्य नागरिक व बड़ी संख्या मे लोगों ने भागीदारी निभाई व धार्मिक आयोजन का हिस्सा बने हनुमान जन्मोत्सव को सफलता पूर्वक संपन्न कराने मे थाना प्रभारी खेम सिंह, पेंन्द्रो, उपनिरीछक नागेंद्र सिंह परिहार, भूपेंद्र सिंह, दीपक तिवारी.गुलाब सिंह सहित समस्त स्टॉफ द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका रही।

श्रमदान

जल प्रकृति का अनमोल उपहार है और समस्त जीव-जगत के अस्तित्व का आधार भी

ग्रामीणों ने श्रमदान कर तालाब घाट की साफ -सफाई की

नवभारत, ब्यौहारी। जल प्रकृति का अनमोल उपहार है और समस्त जीव-जगत के अस्तित्व का आधार भी। इसी महत्व को समझते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जल संरक्षण और संवर्धन को लेकर व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत ब्यौहारी अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में सेक्टर क्रमांक 3 भोलहरा के ग्राम पंचायत भमरहा-2 स्थित चिपाड़नाथ धाम के मंदिर परिसर में बने विशाल तालाब के घाट की साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस दौरान ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर तालाब को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया और जल संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद शिव दत्त उरमलिया, नवांकुर संस्था से सुखेंद्र गुप्ता, परामर्शदाता सरस्वती चंद्र विद्या, रामेश्वर पाल, हीरालाल साहू, अर्पिता सिंह बैंस, सुखेंद्र दीक्षित, भैया लाल पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर श्रमदान करते हुए जल स्रोतों के संरक्षण का महत्व समझाया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जल की हर बूंद अमूल्य है और इसके संरक्षण के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। ऐसे प्रयास न केवल जल स्रोतों को बचाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करते हैं।

मैकी स्कूल में वॉटर कूलर का शुभारंभ

बच्चों को मिलेगा शुद्ध व ठंडा पेयजल

नवभारत,शहडोल। भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यार्थियों की सुविधा के लिए शासकीय माध्यमिक विद्यालय मैकी में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग आनंद राय सिंहा ने विद्यालय परिसर में स्थापित वाटर कूलर का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बच्चों को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है, जिससे उनकी सेहत पर विपरीत प्रभाव न पड़े और वे बेहतर तरीके से पढ़ाई कर सकें। कार्यक्रम के दौरान श्री सिंहा ने विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता को परखा और बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने भोजन व्यवस्था को संतोषजनक बताया तथा संबंधित जिम्मेदारों को इसे निरंतर बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य संजय पांडे, प्रधानाध्यापक जयश्री जायसवाल सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय में वाटर कूलर की स्थापना से विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला है।